**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक : उ०वि०शि०प० / यू०टी०ई०टी० 2026–विज्ञप्ति 04 / 142–43 / 2026–27 दिनांक 27,अगस्त 2026

**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET- I &II) 2026**

**श्रुतलेखक हेतु आवश्यक सूचना**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल की विज्ञप्ति उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2026–विज्ञप्ति–01 / 77–81 / 2026–27 दिनांक 14–07–2026 के द्वारा **दिनांक 29 सितम्बर 2026 को प्रस्तावित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026 हेतु** जिन दिव्यांगजन अभ्यर्थियों द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन में श्रुतलेखक का दावा किया गया है, वे परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com में अपलोड सूचना विवरणिका के **परिशिष्ट–5(I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–5(II)** की प्रति, **परिशिष्ट–छः** की प्रति, श्रुतलेखक की **उच्चतम शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र** की सत्यापित प्रति (**श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता स्नातक प्रथम वर्ष से अधिक अथवा इण्टरमीडिएट स्तर से न्यून नहीं होनी चाहिए, अर्थात श्रुतलेखक, शैक्षिक सत्र 2025–26 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हुआ हो या स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हो या शैक्षिक सत्र 2026–27 में कक्षा 12 में अध्ययनरत हो)** एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो **दिनांक 14 सितम्बर 2026 तक** अपने पंजीकृत ई मेल आई डी के माध्यम से परिषद् की ई–मेल आई डी secyutet@gmail.com पर अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। परिषद् द्वारा निर्धारित तिथि 14 सितम्बर 2026 तक वांछित अभिलेख परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराने वाले दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को ही परिषद् द्वारा श्रुतलेखक की सुविधा की अनुमति प्रदान की जायेगी। उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक सम्बन्धी किसी भी दिव्यांगजन अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर परिषद् द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। श्रुतलेखक से सम्बन्धित **परिशिष्ट–5(I)**, **परिशिष्ट–5(II)** एवं **परिशिष्ट–छः** की प्रति, परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** एवं **www.ukutet.com** पर भी उपलब्ध है।

27/08/2026

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर, नैनीताल।